तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 4 जनवरी 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 भागवत महापुराण में जुटे भक्तगण


11 रिटेंशन का बढ़ा टेंशन, बुढ़ापे में कहां जाएं चौदह...


## खबर संक्षेप

### खाद्य मंत्री ने छेरछेरा पर किया धान दान



**नांदघाट।** माघ पुर्णिमा पर दान के पुण्य का बड़ा महत्व है छत्तीसगढ़ अंचल में आज तड़के ही नन्हे मुन्ने बच्चों की टोलियां छेर छेरा मांगने घर घर पहुंची और ग्रामीणों ने भी बच्चों की झोलियों में अंजुरी भर भर धान डालकर हसी खुशी विदा कर के पुण्य लाभ लिया। सुबह से छेर बरकनीन छेरछेरा माई कोठी के धान ल हेरते हेरा व अरन बरन कोदो दरन जभे देबे तभे टरन बोलते गलियों में छोटे छोटे बच्चे घर घर दौड़ते भागते रहे। कूंरा में भी छग के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने भी अपने हाथ से बच्चों को सूपा में धान लेकर अंजुरी भर भर दान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया और समस्त छत्तीसगढ़ वासी माटी पुत्रों के दान परंपरा पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए छेत्र वासियों के सुख समृद्धि की कामना की ।

### परेशान किशोरी ने घर में की आत्महत्या

भिलाई। परेशान किशोरी ने अपने ही मकान के कमरे में आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी लगने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में लिया है। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया।

# गली मोहल्लों में फेरे लगाकर बच्चों ने छेरछेरा पर लिया दान

## नन्हे-मुन्ने बच्चों ने घर-घर जाकर मांगा अन्न दान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक लोक पर्व छेरछेरा और पौष पूर्णिमा के पावन अवसर पर शनिवार सुबह से ही शहर सहित पूरे जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास और लोक संस्कृति की झलक देखने को मिली। नन्हे-मुन्ने बच्चों की टोलियां तड़के सुबह लगभग 6 बजे से घर-घर पहुंचकर छेरछेरा मांगती नजर आईं। पारंपरिक लोक पर्व छेरछेरा के इस मौके पर बच्चों की किलकारियों और पारंपरिक फेरी की आवाजों से शहर भी गूंज उठा।

शहर के बीटीआई कॉलोनी, कोबिया, बीचपारा, सिंघौरी, मोहभट्ठा, कृष्णा विहार, अशोका विहार कॉलोनी सहित अन्य मोहल्लों में बच्चों की अलग-अलग टोलियां पहुंचीं। हाथों में झोले और बर्तनों के साथ बच्चों ने पारंपरिक छत्तीसगढ़ी फेरी गाते हुए दान मांगा "छेरी क छेरा, माई कोठी के धान ल हेरी क हेरा,अरन दरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन" इन लोकगीतों के साथ बच्चे घर-घर जाकर अन्न दान मांगते रहे। परंपरा के अनुसार लोगों ने खुशी-खुशी बच्चों को धान, चावल सहित अन्य अनाज दिए, वहीं कई घरों में बच्चों को नकद राशि भी प्रदान की गई।







**अन्न, दान और समानता का पर्व-** छेरछेरा पर्व छत्तीसगढ़ की उस समृद्ध लोक परंपरा का प्रतीक है, जहां नई फसल के अन्न को समाज में बांटने की परंपरा निभाई जाती है। यह पर्व केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि दानशीलता, ▶▶|शेष पेज 10 पर

## नाराजगी : देवकर नगर पंचायत की प्रशासनिक कार्यशैली पर बढ़ता असंतोष

# सीएमओ की कार्यप्रणाली को लेकर जन प्रतिनिधियों और नेताओं में है नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर

नगर पंचायत देवकर में तैनात मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) की कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष के स्वर लगातार तेज होते जा रहे हैं। स्थिति यह है कि आम नागरिकों के साथ-साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े नेताओं में भी प्रशासनिक निर्णयों को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। कई मामलों में नगर पंचायत प्रशासन पर नियमों की अनदेखी और जनप्रतिनिधियों को विश्वास में न लेने के आरोप लगाए जा रहे हैं।

भाजपा से जुड़े कुछ नेताओं का कहना है कि नाली निर्माण सहित अन्य बुनियादी कार्यों में अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इस संबंध में भाजपा नेता नवीन ताम्रकार और रावल जैन द्वारा प्रशासनिक स्तर पर शिकायत दर्ज कराए जाने की जानकारी सामने आई है। नेताओं का कहना है कि इन मुद्दों को लेकर कलेक्टर सहित संबंधित विभागों को अवगत कराया गया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने बताया कि नगर पंचायत में उत्पन्न असंतोष का असर राजनीतिक स्तर पर भी पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि जनता सीधे सरकार और जनप्रतिनिधियों से सवाल कर रही है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं को भी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। नेताओं द्वारा यह भी आरोप लगाया जा रहा है कि सीएमओ को राजनीतिक और सामाजिक समीकरणों का लाभ मिल रहा है, नेताओं का कहना है कि यदि इस तरह के आरोपों ▶▶|शेष पेज 10 पर




### जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा के आरोप

नगर पंचायत के निर्वाचित प्रतिनिधियों का आरोप है कि कई महत्वपूर्ण निर्णय उनकी अनुशंसा और जानकारी के बिना लिए जा रहे हैं। इससे न केवल प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय प्रभावित हो रहा है, बल्कि जनहित से जुड़े कार्य भी बाधित हो रहे हैं।

### बढ़ती नाराजगी, प्रशासन के लिए चुनौती

देवकर नगर पंचायत में मौजूदा हालात यह संकेत दे रहे हैं कि यदि प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय नहीं बना, तो असंतोष और गहरा सकता है। जनता की अपेक्षा है कि शासन-प्रशासन समय रहते स्थिति की समीक्षा कर आवश्यक कदम उठाए, ताकि योजनाओं का लाभ ज़मीन पर दिखाई दे और जनविश्वास बना रहे।

## बेमेतरा-नवागढ़ मार्ग पर हादसा

# मां की मौत, बेटा गंभीर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक पारिवारिक खुशी का सफर कभी न भरने वाले गम में बदल गया। बेमेतरा–नवागढ़ मार्ग पर ग्राम अंधियारखोर के समीप हुए दर्दनाक सड़क हादसे में मां की मौत हो गई, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल होकर जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहा है। दुर्ग जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 निवासी रोहणी साहू (50 वर्ष), पति माखन साहू अपने पुत्र अशोक साहू के साथ नवागढ़ में रिश्तेदार के यहां आयोजित गृहप्रवेश कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं।

कार्यक्रम के बाद मां-बेटा कार से वापस दुर्ग लौट रहे थे, तभी अंधियारखोर के पास अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर तीन बार पलट गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घायल मां-बेटे को बाहर निकाला और जिला अस्पताल बेमेतरा पहुंचाया। डॉक्टरों ने जांच के बाद रोहणी साहू को मृत घोषित कर दिया, ▶▶|शेष पेज 10 पर

# रजत जयंती वर्ष में पुलिस का अभिव्यक्ति अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ जूनी सरोवर मेला में महिलाओं-बालिकाओं को किया जागरूक

पुलिस विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष 2025–2026 के अंतर्गत महिला सुरक्षा को लेकर चलाए जा रहे अभिव्यक्ति जन-जागरूकता अभियान के तहत जिले में निरंतर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नवागढ़ पुलिस टीम द्वारा जूनी सरोवर मेला स्थल पर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना प्रभारी नवागढ़ उप निरीक्षक भुनेश्वर यादव, प्रधान आरक्षक राजीव शर्मा एवं आरक्षक राकेश वर्मा की टीम ने मेला स्थल पर उपस्थित ग्रामीण अंचल से आई महिलाओं व बालिकाओं को संबोधित किया। इस दौरान महिलाओं पर होने वाले अपराधों, लैंगिक शोषण, मोबाइल व साइबर अपराध, छेड़छाड़ एवं घरेलू हिंसा जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस टीम ने सेल्फ डिफेंस, अपराध की पहचान, सतर्कता बरतने के उपाय एवं आपात स्थिति में त्वरित सहायता लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया। साथ ही महिलाओं को समानता का अधिकार, गरिमा के साथ जीने का अधिकार, सुरक्षित वातावरण में कार्य करने का अधिकार तथा सभी प्रकार की ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल की टिप्पणी पर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का तीखा हमला

# अरुण साव पर दिए बयान को बताया ओछी मानसिकता, माफी नहीं तो पुतला दहन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने तीखा हमला करते हुए मोर्चा खोल दिया है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सरगुजा संभाग प्रभारी होरीलाल सिन्हा ने इस बयान को ओबीसी समाज का अपमान बताते हुए इसे कांग्रेस की ओछी और जातिवादी मानसिकता का परिचायक करार दिया है।



होरीलाल सिन्हा ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अपने ओबीसी नेता के खिलाफ किसी भी प्रकार की अपमानजनक टिप्पणी को कदापि बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने ऐलान किया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के खिलाफ प्रदेश के प्रत्येक जिले में ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी।

**कांग्रेस सत्ता से बाहर होकर बौखलाई : सिन्हा-** सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस नेता सत्ता से बाहर होने के बाद लगातार अनर्गल, अमर्यादित और विवादित बयान देकर सुर्खियों में बने रहना चाहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा से ही अपने आका को खुश करने के लिए ओबीसी समाज के नेताओं को बदनाम करने का प्रयास करती रही है, जिससे पिछड़ा वर्ग समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

**प्रधानमंत्री पर बयानबाजी का भी दिलाया स्मरण-** भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व द्वारा पूर्व में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी विवादित और अमर्यादित बयान दिए गए थे, जिसका जवाब देश की जनता पिछले तीन लोकसभा चुनावों में ▶▶|शेष पेज 10 पर

## ठंड में उतार चढ़ाव से बढ़ी मौसमी बीमारियों की आशंका

# अंचल में दो दिन से छाई काली घटाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

क्षेत्र में लगातार दो दिनों से मौसम का मिज़ाज बदला हुआ नजर आ रहा है। शुक्रवार और शनिवार को आसमान में घनी काली घटाएं छाई रहीं, जिससे दिन में भी हल्का अंधकार जैसा माहौल बना रहा। आमतौर पर जहां दिनभर सूर्य की तेज रोशनी से पूरा अंचल प्रकाशमय रहता है, वहीं बादलों की घेराबंदी ने मौसम को असामान्य बना दिया। शुक्रवार को पूरे दिन बादल छाए रहे, लेकिन ठंड में विशेष कमी नहीं आई। लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते नजर आए और गर्म कपड़ों में लिपटे रहे।



वहीं शनिवार को सुबह से ही आसमान में फिर काली घटाएं मंडराने लगीं।

जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी दर्ज की गई, जिससे ठंड का असर कुछ कम महसूस हुआ। शाम होते-होते लोगों ने महसूस किया कि बादलों की मौजूदगी के कारण ठंड अपेक्षाकृत कम लग रही है। हालांकि, लगातार दो दिन तक बादल छाए रहने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम में इस तरह के बदलाव का फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका जताई जा रही है। इधर, मौसम में उतार–चढ़ाव के चलते छोटे बच्चों और बुजुर्गों में मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। सर्दी, खांसी और वायरल संक्रमण की संभावना को देखते हुए स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहने की सलाह दी जा रही है।

SPARSH MULTISPECIALITY HOSPITAL
एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH CERTIFIED
24x7 EMERGENCY SERVICES

निशुल्क फाइब्रोस्कैन जांच शिविर
दिनांकः 05 जनवरी 2026, सोमवार | समयः सुबह 11 बजे से 3 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- मुफ्त फाइब्रोस्कैन (लिवर की कठोरता) जांच
- लिवर से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव


डॉ. अभिजीत जैन
MBBS, MS
MCh
(Surgical Gastroentrology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- फैटी लिवर की समस्या है
- शराब का सेवन करने वाले लोग
- हेपेटाइटिस की हिस्ट्री वाले लोग
- लिवर की किसी भी बीमारी का पारिवारिक इतिहास
- जिन्हें भी लिवर में वसा (फैट) की मात्रा की जांच करवानी हो

निशुल्क थायरॉयड जांच शिविर
दिनांकः 01 से 31 जनवरी 2026, सोमवार से शनिवार
समयः 03 बजे से 05 बजे तक

शिविर में उपलब्ध सुविधाएं
- विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- निशुल्क थायरॉइड जांच
- थायरॉइड से संबंधित समस्याओं पर महत्वपूर्ण जानकारी और सुझाव

मधुमेह, थायराइड एवं हार्मोन स्पेशलिस्ट

डॉ. रजत देब
MBSS, MD (Medicine)
DM (Endocrinology)

कौन शामिल हो सकते हैं?
- बच्चे एवं समस्त आयु वर्ग के लोग
- थकान, वजन बढ़ना या घटना की समस्या हो
- घबराहट, दिल की तेज धड़कन
- बाल झड़ना, त्वचा का रूखापन
- बच्चों में बढ़त/ग्रोथ का रुकना
- महिलाओं में मासिक धर्म व गर्भधारण की समस्या

पंजीयन के लिए संपर्क करें
0788-4052040 | 77730 10941
रामनगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
CALL FOR EMERGENCY
62691 62691
Deepak Advertisers

## खबर संक्षेप



### उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिला ग्रामीणों

**पाटन।** प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिपकोना में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों को निशुल्क गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। सरपंच खिलेश ईश्वर बंजारे के सहयोग से हुए इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराकर महिलाओं को धुएं से होने वाली बीमारियों से राहत दिलाना है।

### इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स का किया सफल आयोजन



**उतई।** प्रिज़्म ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने हाल ही में एक भव्य इंटर कॉलेज स्पोर्ट्स इवेंट का आयोजन किया, जिसमें विभिन्न कॉलेजों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस इवेंट में खो-खो(गर्ल्स), वॉलीबॉल (बायस), कबड्डी(गर्ल्स) और कबड्डी( बॉय) जैसे विभिन्न खेलों में प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विभिन्न कॉलेजों जैसे बी.एम. कॉलेज दुर्ग, मैत्री कॉलेज रिसाली , शैली देवी कॉलेज अंडा, बी आई टी कॉलेज दुर्ग, अशोका आईटीआई राजनांदगांव, राजेंद्र प्रसाद कालेज रिसाली, छत्तीसगढ़ वाणिज्य महाविद्यालय सेक्टर 06 भिलाई के विद्यार्थियों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### जिला साहू संघ दुर्ग के महासचिव बने अश्वनी

**उतई।** जिला साहू संघ दुर्ग का त्रिवार्षिक आमचुनाव 7 दिसंबर को संपन्न हुआ। जिसमें नंदलाल साहू दूसरी बार अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन के पश्चात अध्यक्ष श्री साहू ने कार्यकारिणी का विस्तार करते



हुए ग्राम पतोरा निवासी तथा तहसील साहू संघ पाटन के पूर्व अध्यक्ष अश्वनी साहू को जिला साहू संघ दुर्ग का महासचिव मनोनीत किया है। अश्वनी साहू के महासचिव पद पर मनोनयन पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के पदाधिकारियों एवं सदस्यों में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर परिक्षेत्रीय साहू संघ अरसनारा के प्रमुख अध्यक्ष सलाहकार खेमलाल साहू, संरक्षक हरिशंकर साहू, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष किशन हिरवानी, उपाध्यक्ष संतोष साहू एवं ललिता साहू, संगठन सचिव अर्जुन साहू व दामिनी साहू, न्याय प्रकोष्ठ संयोजक कौशल बनपेला, सचिव उषा साहू, परिक्षेत्रीय सचिव गोपेश साहू, प्रचार सचिव रवि साहू व तनुजा साहू, सहसचिव सरिता साहू, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका खेमीन साहू, युवा प्रकोष्ठ संयोजक ओमप्रकाश साहू ने हर्ष जताया है।

### डीडगा में मनाई बाबा गुरुघासीदास जयंती



**पाटन।** स्थानीय सतनामी समाज एवं ग्रामवासी ने ग्राम डीडगा में बाबा गुरुघासीदास जयंती धूमधाम से मनाई गई।मुख्य अतिथि ज़िप दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष,विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने बाबा गुरुघासीदास के बताए हुए मार्ग पर चलते हुए सर्वहित, समानता, भाईचारे, समभाव, मानवता का अनुसरण करना चाहिए। जनपद सदस्य रश्मि वर्मा ने भी प्रेरक उद्बोधन दिया। इस अवसर पर रणजीत ठाकुर उपसरपंच,विष्णु वर्मा,संतोष पटेल पूर्व सरपंच, भेदप्रकाश वर्मा आदि उपस्थित थे।

### त्रिशा पब्लिक स्कूल गोछिया में खेल प्रतियोगिता आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** गत दिनों 1 जनवरी को नये वर्ष के स्वागत में त्रिशा पब्लिक स्कूल इंग्लिश मीडियम गोछिया में बच्चों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, जिसमें बच्चों ने खो-खो, रस्सी दौड़, कुर्सी दौड़, चम्मच दौड़, बैलून बैलेंस, बॉटल कलेक्ट और फुगड़ी जैसे खेल में भाग लिए।

## ग्रामीण अंचल में बह रही भक्ति की धारा

# भागवत महापुराण में जुटे भक्तगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी

शांति नगर वार्ड क्र. 08 में राधे राधे महिला समिति के श्रीमद भागवत महापुराण के सप्तम दिवस में कथा वाचक भागवताचार्य पंडित रोशन द्विवेदी ने ख़ुश एवं निरोग रहने के उपाय बताए। सुदामा चरित्र की कथा एवं भगवान के स्वधाम गमन की कथा के साथ साथ परीक्षित मोक्ष की कथा सुनाई। इस कथा से प्रभावित होकर 21 नवीन सदस्यों ने इस परिवार में अपना नाम दर्ज करवाया और इसके साथ ही राधे राधे महिला परिवार में सदस्यों की कूल संख्या 96 हो गयी है। अंत में प्रसादी वितरण के साथ ही कुम्हारी नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमे सभी ने अपने अपने द्वार पर महाराज जी एवं भागवत भगवन का पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया, जिमसे प्रमुख रूप से नगर पालिका कुम्हारी अध्यक्षा मीणा वर्मा ,उपाध्यक्ष एवं वार्ड पार्षद प्रमोद सिंह राजपूत, वार्ड 9 पार्षद लेखराम साहू, कुंदन सिंह राजपूत, बल्ला राजपूत, खिलावन निषाद, पंडित राजेंद्र द्विवेदी, पवन राजपूत, राधेश्याम मिश्रा एवं राधे राधे महिला समिति के समस्त सदस्यों के साथ साथ समस्त नगर के प्रभुत्वजन उपस्थित रहे।

### भाव-विभोर होकर सुनी सुदामा चरित्र की कथा



### धनोरा में आज से देवी जस गीत प्रतियोगिता

**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में दो दिवसीय देवी जस गीत एवं झांकी प्रतियोगिता 3 जनवरी से आयोजित होने जा रहा है। सुबह 10 बजे गणमान्य दीप प्रज्ज्वलित करेंगे। दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि दो दिन तक निरंतर यह प्रतियोगिता चलेगी। शनिवार 3 जनवरी को जागृति नवदुर्गा सेवा मंडली बजार चौक धनोरा एवं रविवार 4 जनवरी को जय मां शीतला सेवा भजन मंडली हेमंत साहू भजन गायक एवं सतीश साहू धनोरा अपनी मंडली के द्वारा कार्यक्रम प्रारंभ करेंगे।

### शिव महापुराण कथा कल से

**अंडा।** ग्राम खपरी में धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपरा को सशक्त करने के उद्देश्य से शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 4 जनवरी से 9 जनवरी तक किया जा रहा है। कथा वाचन कथा वाचक पं. शुभम कृष्ण महाराज (धनौरा वाले) करेंगे। शिव महापुराण कथा के माध्यम से श्रद्धालुओं को भगवान शिव की महिमा, लीला और जीवन दर्शन का विस्तारपूर्वक श्रवण कराया जाएगा। आयोजन के दौरान 13 जनवरी (मंगलवार) को विशेष आकर्षण के रूप में मंडई मेला का आयोजन किया जाएगा। इसी अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें प्रसिद्ध कलाकार लहर गंगा एवं पुराणिक साहू द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी।

### श्रीमद भागवत पुराण की घर-घर मंगल आरती

**निकुम।** श्री सिद्ध पीठ दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर निकुम में राधा रमण महिला मंडली व समस्त ग्रामवासी निकुम के तत्वाधान में



श्रीमद् भागवत महापुराण के समापन पर्व पर पूरे पंडाल में तुलसी वर्षा हुई। पूरे पंडाल में भजन कीर्तन से गूंज उठा, वही कथावाचक पंडित तोरण शर्मा सहित परीक्षित सहित मंडली समिति ने लड्डू गोपाल सहित श्रीमद् भागवत को सिर पर धारण पूरे निकुम गांव में घर घर रंगोली दिया सजाकर मंगल आरती पूजा अर्चना कर भेंट दान किए।

### बाल्यकाल से करें संस्कार का बीजारोपण

**जामगांव आर।** गायत्री परिजन नारद देव साहू के नेतृत्व में गायत्री परिवार ने 2025 की विदाई और 2026 की स्वागत के लिए दीप महायज्ञ का आयोजन 31 दिसंबर की शाम किया। इस दौरान नारद देव ने कहा कि संतान में बाल्यकाल से संस्कार का बीजारोपण करें तब जाकर आपका बुढ़ापा सफल हो पाएगा और संतान का भविष्य संवर पाएगा। शांतिकुज प्रतिनिधि के रूप में आये प्रज्ञा पुत्र राजेश एवं रोमलाल ने बताया कि अपने व परिवार के कल्याण के लिए परमात्मासे गायत्री माता से जुड़ना आवश्यक है। इस दौरान मुकेश कुमार शुक्ला, दानेश्वर साहू, खेमलाल यादव जिलोखन चन्द्राकर , श्याम ऋषि चंद्राकर,खिलेश कुमार साहू, राजकुमार ठाकुर पिताम्बर साहू दाऊदास माणिकपुरी, भारती सोनबेर, उमा चन्द्राकर, शशिकला साहू,तामेश्वरी साहू, मालती साहू, राजेश्वरी वर्मा, बसंती साहू, सतरूपा साहू, कित्ती साहू, मीना साहू, यमुना ठाकुर, परमिला साहू, कुंती साहू, तामेश्वरी साहू, धनेश्वरी साहू, मधुदेवी साडे, हेमलता ठाकुर और नंदनी साहू की गरिमामय उपस्थिति रही।



### हनुमान चालीसा पाठ कर उत्सव मनाया ग्रामीणों ने

**सेलूद।** अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गाँव में लोगों ने स्वस्फुर्त होकर सैकड़ो की संख्या में बाजा गाजा के साथ प्रभातफेरी निकाली। घर घर दीपक जलाने के साथ रंगोली बनाकर उत्सव मनाया गया। कलश यात्रा राम जानकी मंदिर भाठापारा से प्रारम्भ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए बजरंग चौक में पूजा अर्चना की गई। पहली बार हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया। इस कार्यक्रम में गाँव की महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। सभी लोगों को महाभोग भी वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से ग्राम की पूर्व सरपंच खेमिन खेमलाल साहू, रमेश देवांगन, महेश्वर बंछोर, लोकमनी चंद्राकर पूर्व मण्डल अध्यक्ष, तारेन्द्र बंछोर, टामनलाल साहू, कृष्ण कुमार साहू, जयंत साहू, अशोक यादव, रोमन वैष्णव और टी पी शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।





## कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलने लिया संकल्प

**उतई।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 141 में स्थापना दिवस पर नगर कांग्रेस कमेटी उतई आम बाजार के कार्यालय में मंडल स्तरीय स्थापना दिवस मनाया गया। सभी ने मिलकर देश के आजादी एवं विकास के लिए लोकतांत्रिक तरीके से जीवन भर समर्पित रूप से कार्य करने वाली भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के बताए हुए सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने के लिए संकल्प लिया एवं पार्टी के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से कार्य करने के लिए संकल्प लिया। इस दौरान नगर कांग्रेस कमेटी बहादुर सिंह नेताम, पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, डुमरडीह सरपंच धर्मेंद्र बंजारे,पार्षद द्वारका साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा, वीरेंद्र गोस्वामी, सुरता सिंह गढ़े ,कांग्रेस पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता टीकम डोडे, भावेश साहू, पुरेंद्र चंद्राकर, शुभम बमभोले, गुलशन शर्मा , आसिफ, भागीरथी कुर्रे सूरज बंधे, मिथिलेश नारंग, अखिलेश, देवा मारकंडे, रमाकांत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीणों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ



**सेलूद।** ग्राम पंचायत पंहडोर ओर औंधी तथा ग्राम परसदा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में सेक्टर मेडिकल आफिसर भिलाई-3 डॉ. शिखर अग्रवाल ओर बी ईटीओ व राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम भिलाई 3 के सैय्यद असलम के नेतृत्व में इस शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर दिया गया। सैय्यद असलम ने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से गैर संचारी रोग, हाइपरटेंशन, ब्लड प्रेशर और डायबिटीज, स्तन कैंसर गर्भाशय कैंसर ओर मुख कैंसर तथा अन्य रोगो में चर्मरोग, आंखों की समस्या, पीड़ा ओर समान्य स्वास्थ्य के मरीजों को स्क्रीनिंग करके प्रारंभिक अवस्था में चिह्नित किया जा रहा है, जिससे समय रहते गंभीर रोगो की पहचान हायर सेंटर में करके उपचार प्रारंभ कर सुरक्षित किया जाए। शिविर में बी पी शुगर के पुराने मरीजों को निशुल्क दवा वितरित की गई। वहीं सर्दी-जुकाम, बुखार, कफ और चर्मरोग संबंधित विकारों से पीड़ितों का उपचार निशुल्क किया गया। कार्यक्रम में आर विश्वास एल एच व्ही, वेगु गवेल, जितेन्द्र पटेल , नीना चक्रवर्ती, निवेश प्रधान, संध्या वर्मा, देवेन्द्र राजपूत, थानेशवरी साहू, राज विजय लक्ष्मी ,देवीला चंद्राकर ,लीलावती टंडन ,मितानिन प्रेरकों और मितानिन साथियों का योगदान रहा।

## नौनिहालों को दिया गया न्योता भोजन



**अंडा।** शासकीय प्राथमिक शाला गांधीभांठा अण्डा में वेदप्रकाश साहू ने न्योता भोजन कराया। अपने जन्मदिन की खुशियों को यादगार बनाने के लिए उन्होंने समस्त बच्चों के लिए खीर , पूड़ी और आलू मटर की सब्जी की व्यवस्था की। इस दौरान साहू ने समस्त बच्चों को अच्छा नागरिक बनने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर चन्द्रहास साहू (प्रधान पाठक), प्रवेश देवांगन (संकुल समन्वयक), घनश्याम साहू, पूजा निर्मलकर(एसएमसी अध्यक्ष), सीता साहू और कुसुमलता यादव आदि उपस्थित थे।

## बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें, जीवन सार्थक हो जाएगा : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

पाहंदा एवं मोहभट्ठा मे बाबा गुरुघासीदास की 269 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि कल्पना नारद साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग ने कहा कि बाबा घासीदास के उपदेश का पालन करें तो जीवन सार्थक हो जाएगा। इस दौरान मंच पर नारद साहू अध्यक्ष भाजयुमो दक्षिण पाटन, मेहतरू मनहरे, सतखोजन देशलहरे, निलेश बघेल, रेखलाल, शिव, सोमन, डोमन, बलदाऊ बंजारे, आत्माराम, भगवानी देशलहरे, प्रखरकुमार यादव (भाजपा युवा नेता), पालेन्द्र कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन और शंकर साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



## प्रारंभिक उपचार को समझा विद्यार्थियों ने

**कुम्हारी।** विगत दिनों पीएम् श्री सेजेस कुम्हारी के नवमी कक्षा के विद्यार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी मे भ्रमण कराया गया । जिसमे व्यावसायिक प्रशिक्षक संजय कुमार ठाकुर (ट्रेड – हेल्थ केयर ) ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी का भ्रमण कराया। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में होने वाले स्वास्थ्य कार्यो जैसे बाह्य रोगी विभाग में मरीजो की जांच, रक्त चाप नापना ,रक्त की जांच करना, दवाइयों का वितरण इत्यादि जबकि आतंरिक रोग विभाग में प्रसव पश्चात माता की देखभाल, माता और संतान के लिए जरुरी पोषक तत्व इत्यादि के बारे में सीखा। औद्योगिक भ्रमण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुम्हारी के स्वास्थ्य कर्मी रख्शंदा पैथोलॉजी लैब, अविनेश सोनकर के द्वारा दवा भंडारण एवं वितरण, एल पी. देवांगन (एक्स रे तकनीशियन) के द्वारा एक्स रे कक्ष की जानकारी तथा प्रीति तिवारी स्टाफ नर्स के द्वारा विद्यार्थियों को नर्सिंग कौशल के बारे में सिखाया एवं बताया गया। अरुण वर्मा (सुपर्वाइज़र) तथा मन्नू लाल भतपहरी (संगणक), रजत ने उचित दस्तावेजीकरण, ड्यूटी रोस्टर, तथा समस्त योजनाओं के बारे में बताया गया ।

## पेज 9 के शेष...

### गली मोहल्लों में...

समानता और भाईचारे का संदेश देने वाला सामाजिक आयोजन है। इस पर्व की खास बात यह है कि इसमें लेने वाला और देने वाला—दोनों समान रूप से प्रसन्न होते हैं।

**किसान संस्कृति से जुड़ा लोक पर्व-** पौष मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व किसान, खेती और अन्न से गहराई से जुड़ा हुआ है। नई फसल घर आने के बाद किसान और परिवारजन अन्न का दान कर समाज के हर वर्ग को उसमें सहभागी बनाते हैं। यही वजह है कि छेरछेरा को दान और फसल उत्सव के रूप में भी जाना जाता है।

**लोक संस्कृति जीवंत-** छेरछेरा पर्व के अवसर पर बच्चों की टोलियों ने जहां लोक संस्कृति को जीवंत बनाए रखा, वहीं शहरवासियों ने भी पूरे उत्साह के साथ इस परंपरा को निभाया। आज भी यह पर्व यह संदेश देता है कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराएं, सामाजिक समरसता और दान की भावना आज भी उतनी ही मजबूत हैं।

### सीएमओ की कार्यप्रणाली...

में तथ्य पाए जाते हैं, तो शासन स्तर पर कार्रवाई की उम्मीद की जानी चाहिए। इस पूरे मामले में सीएमओ केशराम साहू से दूरभाष के माध्यम से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

**सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन पर सवाल-** भाजपा नेता रावल जैन ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन नगर पंचायत स्तर पर नहीं हो पा रहा है। इसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस विषय में पार्टी संगठन और शासन के वरिष्ठ पदाधिकारियों को जानकारी दी जा चुकी है।

**नगर पंचायत अध्यक्ष की चेतावनी-** नगर पंचायत अध्यक्ष सुरेश सिहोर ने भी प्रशासनिक कार्यशैली पर असंतोष जताया है। उन्होंने कहा कि नगर की जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान है और जनप्रतिनिधियों को दरकिनार कर लिए जा रहे निर्णयों से व्यवस्था प्रभावित हो रही है। अध्यक्ष ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक और सांसद को भी अवगत कराया गया है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते सुधार नहीं हुआ, तो वे जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने पर विचार कर सकते हैं।

### मां की मौत...

जबकि गंभीर रूप से घायल अशोक साहू को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रेफर किया गया। दुर्घटना में मां की मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जिस बेटे के साथ मां खुशी-खुशी कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं, वही बेटा आज अस्पताल के बेड पर जिंदगी की जंग लड़ रहा है। पुलिस ने मृतिका के शव को मर्च्युरी में रखवाकर मर्ग कायम कर लिया है। घायल युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसका बयान अब तक दर्ज नहीं हो सका है, जिससे दुर्घटना के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। सिटी कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।

### रजत जयंती वर्ष...

हिंसा और उत्पीड़न से मुक्त रहने के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति, यातायात नियमों के पालन एवं अन्य आवश्यक कानूनी जानकारियों पर भी प्रकाश डालते हुए आम नागरिकों से कानून के प्रति सजग रहने की अपील की गई। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के जागरूकता अभियानों का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त बनाकर समाज में सुरक्षित वातावरण का निर्माण करना है।

### अरुण साव पर दिए...

कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखकर दे चुकी है।

**माफी नहीं तो सड़कों पर उतरेगा मोर्चा-** होरीलाल सिन्हा ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने बयान को तुरंत वापस लेकर उपमुख्यमंत्री अरुण साव से सार्वजनिक माफी नहीं मांगते हैं, तो भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेशभर में चौक-चौराहों पर पुतला दहन करेगी। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन आने वाले समय में कांग्रेस नेताओं को यह संदेश देगा कि सत्ता जाने के बाद पिछड़ा वर्ग समाज के नेताओं के खिलाफ उल-जलूल, अनैतिक और अमर्यादित बयानबाजी की कीमत उन्हें राजनीतिक रूप से चुकानी पड़ेगी। अंत में सिन्हा ने दावा किया कि यदि कांग्रेस ने अपनी भाषा और सोच नहीं सुधारी, तो आगामी बिहार चुनावों के बाद देशभर में कांग्रेस की स्थिति और भी बदतर होने से कोई नहीं रोक सकेगा।

## अंचल की खबरें

### हर व्यक्ति की दिनचर्या में खेल होना चाहिए : साहू



**अंडा।** ग्राम आलबरस में आयोजित राज्य स्तरीय महिला कबडडी खो-खो एवं मैराथन प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुये। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा की शिक्षा के साथ-साथ खेल भी हमारे मानसिक व शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है। प्रतियोगिता में राजनांदगांव अ की टीम विजेता रही, द्वितीय पुरुस्कार राजनांदगांव ब, तृतीय पुरुस्कार उतई एवं चतुर्थ पुरुष्कार लालपुर रायपुर को प्राप्त हुआ। इस अवसर पर पूर्व सभापति जनपद पंचायत टिकेश्वरी देशमुख, सरपंच भुवन लाल देशमुख, पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख, पूर्व सरपंच आशा,देशमुख राजा देशमुख, पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख, डॉ प्यारे लाल साहू, संजय नेताम, नेमन दिल्लीवार, एमंत देशमुख, पीलुराम पारकर, टुमेंद्र देशमुख, पंचायत सचिव शेषनारायण चंद्रवंशी, देवीसिंह देशमुख, डालाराम देशमुख, राहुल देशमुख, टिकेश्वर देशमुख सहित खिलाड़ी गण एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद थे।

### बच्चों ने अनेकता में एकता का दिया संदेश



**अहिवारा।** डी.ए.वी. इस्पात पब्लिक स्कूल, नंदिनी माइंस में कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों द्वारा रेड डे एवं क्रिसमस उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाला सभागार को आकर्षक क्रिसमस ट्री एवं लाल रंग के गुब्बारों से भव्य रूप से सजाया गया। विद्यार्थियों द्वारा प्रेरणादायक नृत्य एवं संगीतमय प्रस्तुतियाँ दी। बच्चों ने अनेकता में एकता का संदेश देते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

### छत्तीसगढ़ की मटपरई शिल्पकला से पारंगत हुए युवा



**उतई।** एनसीईआरटी, श्याममाला हिल्स (भोपाल) में छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश की पारंपरिक खिलौने की कार्यशाला 15 से 19 दिसंबर तक चली। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जहां छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मटपरई शिल्पकला के मास्टर ट्रेनर अभिषेक सपन के मार्गदर्शन में छात्र छात्राओं ने बडे लगन व जुनून के साथ सीखा व समझा,साथ अभिषेक ने छत्तीसगढ़ के तीज त्योहार और परंपराओं को बड़ी बारीकियां से छात्र-छात्राओं को बताया। इस कार्यशाला में बालोद, खैरागढ़, मोहला मानपुर, महासमुंद, नारायणपुर शिल्पकार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक खिलौने बनाने की शिक्षा दी। कार्यक्रम समन्वयक डॉ सुरेश मकवाना , स्त्रोत शिक्षक के रूप डॉ रामकुमार वर्मा ,स्वाति अर्णव, डॉ मोनिका सिंह, द्रोण साहू,मुख्य रूप से मौजूद रहे। आपको बता दे की मटपरई शिल्प कला मिट्टी और कागज को मिलाकर पारंपरिक रूप से कलाकृति व टोकरी छत्तीसगढ़ में बनाया जाता रहा है जो आधुनिकता के चलते विलुप्तप्राय हो गई है जिसे डुमरडीह उतई दुर्ग निवासी अभिषेक सपन ने संरक्षण व संवर्धन हेतु निरंतर कार्यशाला व प्रदर्शनी के माध्यम से आगे बढ़ाने की कोशिश कर रहे है।

### समानता का संदेश देती है घासीदास जयंती : नारद

**जामगांव आर।** सुरपा में गुरु बाबाघासीदास जयंती की 269 वीं मनाई गई। जिसमे मुख्यातिथि नारद साहू अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति सुरपा और विशिष्ट अतिथि रवि सिन्हा सभापति जनपद पाटन, चंद्रहास साहू सरपंच सुरपा,तेजराम देवांगन उपसरपंच सुरपा,देवानंद देवांगन बूथ अध्यक्ष सुरपा,श्रीराम साहू,अभिषेक सेन मंचासीन थे। मुख्य अतिथि नारद साहू ने कहा कि घासीदास की जयंती मानव में समानता और संस्कार का संदेश देती है।सत्य के मार्ग पर चलने वाले बाबा के सच्चे भक्त होते है। आयोजन में सामाजिक कार्यकर्ता गिरधर नारंग,चंद्रहास मौर्य, नारायण मारकंडे,त्रिलोचन मारकंडे,संतोष मार्कंडेय, मनोज खूंटे,एनस खिलाड़ी,देवेंद्र टंडन, नोहर बघेल,संजय मारकंडे,अनीश कुमार,विवेक कुमार नारंग सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।



### कौही में मनाई गई गुरु घासीदास जयंती



**पाटन।** कौही में गुरू घासीदास की 269 वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि वक्ताओं ने गुरू घासीदास के संदेश मनखे - मनखे एक समान के संदेश को समूची मानवता के लिए जरूरी बताया। इसी तरह 25 दिसंबर को भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के देश के विकास में योगदान को भी उनके जन्म जयंती पर स-सम्मान याद किया गया। गुरू घासीदास जयंती पर पंथी पार्टी तमोरा के प्रस्तुति के साथ शोभायात्रा पश्चात जयस्तंभ पर पालो चढ़ाया गया। मुख्य अतिथि अशोक साहू पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, अध्यक्षता लीना साहू सरपंच, विशेष अतिथि मनोरमा टिकरिहा पूर्व सरपंच, समाजिक कार्यकर्ता शीतकरण महिलवार, राजेन्द्र मारकण्डे प्रधानपाठक, योगेश्वर साहू अध्यक्ष मंदिर समिति, मेहत्तर जोशी, धनेश्वर देवांगन पूर्व उपसरपंच, गंगा राम साहू,बिरेंद्र मारकण्डे, अश्वत्थामा, राजेन्द्र जोशी और उधो मारकण्डे आदि उपस्थित थे।

### आजाद चौक सेलूद में मनाई घासीदास जयंती



**सेलूद।** ग्राम सेलूद के आजाद चौक स्थित जैतखांभ में गुरु घासीदास जयन्ती मनाई गई। सर्वप्रथम प्रसिद्ध पंथी पार्टी खोला ने पंथी नृत्य प्रस्तुत किया। अतिथि ग्राम पंचायत सेलूद के सरपंच खिलेश मारकंडे, पुर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, पूर्व सरपंच ख़ेमिन साहू, पंच रमेश कश्यप, पूर्व सरपंच खेमलाल साहु, पंच हेमिन ओगरे, गीता राम बंजारे, राजाराम बांधे, लखन चंदेल, पुनीत कुर्रे, सेवा लाल, अनंत चेतन जोशी और शिशु पाल समाज के महिला , पुरुष व बच्चे बडी संख्या में उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कार की ठोकर से वृद्ध की मौत

**भिलाई।** सड़क हादसे में वृद्ध की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि हाउसिंग बोर्ड भिलाई निवासी एम. मुन्नु स्वामी 25 दिसंबर की सुबह अपनी लूना सीजी 07 एच 9865 से घासीदास सोसायटी से घर लौट रहे थे। इस दौरान एकता चौक की ओर से आ रही कार सीजी 07 सी जेड 3797 के चालक ने लापरवाही पूर्व वाहन चलाते हुए एम मुन्नु को जोरदार टक्कर मार दी।घटना में वे गंभीर रुप से घायल हो गए। जिन्हें बीएसपी अस्पताल सेक्टर-9 में उपचार के लिए भेजा गया। जहां उपचार के पांच दिनों बाद 30 दिसंबर को की मौत हो गई।

### राज मिस्त्री के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** मकान में ताला जड़कर बाहर गए परिवार के यहां चोरी हो गया। मकान से सोना चांदी के जेवरात भी गायब मिला। बाहर से घर लौटने पर देखान सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। आसपास खोजबीन करने के बाद नहीं मिलने पर घटना की शिकायत पुलिस से किया। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि ग्राम झींट निवासी कृष्ण कुमार साहू राज मिस्त्री का काम करता है। परिवार के लोग अपने -अपने काम से बाहर गए हुए थे। इस दौरामन मकान में ताला जड़ा गया था। अज्ञात ने ताला तोड़कर मकान से सोना चांदी के जेवरात कुल 59 हजार का सामान पार कर दिया। आसपास के लगे सीसी कैमरों को भी पुलिस खंगाल रही है।

### जेएलएन हॉस्पिटल में हुआ प्रशिक्षण शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के सेक्टर नौ जेएलएनएच अस्पताल के एनेस्थीसियोलॉजी विभाग द्वारा चेन ऑफ सर्वाइवल को सुदृढ़ करने की दिशा में ओपीडी परिसर में मासिक सीपीआर कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन जागरूकता प्रशिक्षण का आयोजन किया। प्रशिक्षण सत्र में ओपीडी में उपस्थित रोगियों और परिजनों को आकस्मिक हृदयाघात की स्थिति में तत्काल जीवनरक्षक सहायता प्रदान करने जानकारी दी। इस दौरान एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की टीम ने बताया कि हृदय गति रुकने के बाद के प्रारंभिक कुछ मिनट अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

# युवक अनियंत्रित होकर ट्रक से गिरा, पहिए में फंसकर घसीटते गया, मौके पर ही मौत, पुलिस ने घंटों समेटा शव के टुकड़ों को

## धमधा थाना क्षेत्र की घटना, खिड़की से झांकते समय गिरा था नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना धमधा थाना क्षेत्र की है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। धमधा पुलिस ने बताया कि वार्ड 5 गणेश नगर जामुल निवासी पुनित राम साहू 24 वर्ष ट्रक में बैठकर जा रहा था। ट्रक में सवार होकर पुनित किसी काम से धमधा आया हुआ था। जहां पर उनके ही दोस्त ट्रक चालक ट्रक लेकर सिरनाभाठा धमधा के चावल गोदाम पहुंचा हुआ था। पुनित को अपने साथ में लेकर गया और ट्रक लोड होने के बाद पुनित राहु ट्रक में बैठकर कोड़िया चावल गोदाम जा रहा था। तभी अचानक खिड़की से चलते ट्रक से नीचे पुनीत गिर गया। इसके कारण ट्रक के पीछे पहिए में फंस कर कुछ दूर तक घसीटते हुए चला गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुनित के भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। उसके पिता की भी तबीयत खराब रहती है। मौत की खबर सुनकर पुनीत के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। धमधा थाना प्रभारी युवराज साहु ने बताया कि शव को को पीएम के लिए भेजा गया है। सूचना परिजनों को दे दी गई है। युवक का शव बुरी तरह छत-विक्षित पड़ा था। फिलहाल ट्रक चालक को को पुलिस ने पकड़ लिया है।



### पुलिस जवान सड़क पर शव के टुकड़े उठाते रहे

हादसे की जानकारी लगने पर धमधा पुलिस के जवान मौके पर पहुंचे और मृतक पुनीत राम का शव क्षतविक्षत हालत में सड़क में गिरा पड़ा था। जवान पॉलीथिन में मांस के टुकड़े को उठाते रहे। इसे इकठ्ठा कर पीएम के लिए मरच्यूरी भेजा गया। सड़क हादसे के बाद शव के मांस का टुकड़े पड़ा मिला। इसे लोग देख परेशान होते रहे। जिस तरह का सड़क हादसा हुआ है धमधा क्षेत्र में इतना खतरनाक तरीके से पहली बार होना बताया गया है।

## स्कीम का नया नियम वापस नहीं ले रहा बीएसपी, सांसद व विधायक से उम्मीद

# रिटेंशन का बढ़ा टेंशन, बुढ़ापे में कहां जाएं चौदह सौ सेवानिवृत बीएसपी कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

टाउनशिप में रिटेंशन को लेकर लेकर रहवासी सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मचारियों और अधिकारियों का टेंशन बढ़ता जा रहा है। बीएसपी प्रबंधन द्वारा रिटेंशन स्कीम के नए नियम से सैकड़ों रिटेंशनधारियों के सड़क पर आने की नौबत आ गई है। अब ईक्यू 3,4 और 5 ग्रेड एक्जीक्यूटिव आवासों में रह रहे रिटेंशधारियों को भी हटाने का फरमान जारी कर दिया गया है। इससे उनमें असंतोष है।

उल्लेखनीय है कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों और अधिकारियों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए रिटेंशन स्कीम शुरु की गई थी। इसके तहत जरुरतमंद कर्मियों से एकमुश्त दस लाख रुपए जमा करवाकर उन्हें टाउनशिप में किराए पर आवास आवास आवंटित किए गए। लेकिन पिछले माह बीएसपी द्वारा कुछ रिटेंशधारियों के आवासीय किराया राशि लंबित होने के चलते स्कीम के नए नियम के तहत तीन गुना से अधिक रिटेंशन रेंट बढ़ाकर स्कीम को ही खत्म किया जा रहा है। इस कारण चौदह सौ रिटेंशन आवासधारियों के सामने तंगहाली और बुढ़ापे में आवास को लेकर विकट समस्या आ गई है। रिटेंशधारियों का कहना है कि बीएसपी को खड़ा करने में जीवनभर पसीना बहाया है अब रिटाटर होने के बाद इस ढलती उम्र में 12 हजार 13 हजार रुपए कैसे और कहां से भुगतान कर पाएंगे। रिटेंशन के इस नए नियम को लेकर रिटेंशनधारियों में असंतोष लगातार बढ़ रहा है। यूनियनों द्वारा किसी भी स्थिति में मकान खाली नहीं करने की प्रबंधन को चेतावनी दी है और रिटेंशधारी सिर्फ बिजली बिल और पानी ही जमा कर रहे हैं मकान किराया की जमा नहीं कर रहे हैं।

## बड़े आवासधारियों को भी हटाने का फरमान



### एक्जीक्यूटिव रिटेंशनधारियों को भी हटाने का फरमान

एक ओर रिटेंशधारियों में असंतोष बढ़ रहा है वहीं दूसरी ओर बीएसपी द्वारा रिटेंशनधारियों पर किराया और आवास खाली कराने को लेकर दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। चौदह सौ रिटेंशधारियों के नए नियम को वापस लेने को वापस लेना मुश्किल बताया जा रहा है। वहीं अब रिटेंशनधारी अधिकारियों के ईक्यू 3, इक्टू 4 और ईक्टू -5 के आवासधारियों को भी हटाने का फरमान दे दिया है। इससे इन रिटेंशनधारियों में आक्रोश है। यूनियनों के मुताबिक हर माह करीबन सौ कार्मिक रिटायर हो रहे हैं जिनमें कर्मियों के साथ अधिकारी भी हैं। इस माह 16 अधिकारी रिटायर हुए हैं। जनवरी में 22 अधिकारी रिटाय होंगे। इनमे कई के सामने आवास की समस्या है। अनेक रिटेंशन पर आवास लेने की तैयारी कर रहे थे, जो अब भारी परेशानी में पड़ जाएंगे। एटक के महासचिव वीके सोनी बताते हैं कि रिटेंशन स्कीम बीएसपी के लिए फायदेमंद है। क्योंकि किराए के रुप में आय के साथ मकानों का नियमित मेंटेनेंस भी हो रहा है । इनमें अवैध कब्जे की भी चिंता से प्रबंधन मुक्त है। फिर रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने में क्या परेशानी है।

### विधायक देवेंद्र ने किया था आंदोलन

गौरतलब हो कि बीएसपी के निजीकरण और रिटेंशन के नए नियम को वापस लेने सहित 8 सूत्रीय मांगों को लेकर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने पिछले हफ्ते आमरण अनशन किया था। इस आंदोलन को सभी यूनियनों, लीज संघर्ष समिति व कई संगठनों सहित रिटायर कर्मियों आदि का व्यापक समर्थन मिला था। इसे देखते हुए ए प्रशासन की मध्यस्थता में बीएसपी प्रबंधन की विधायक के साथ हुई समझौता वार्ता में मैत्रीबाग, सेक्टर नौ अस्पताल व बीएसपी स्कूलों का निजीकरण नहीं करने की मांग नहीं करने पर सहमति बनी थी। लेकिन रिटेंशन पर सेल बोर्ड से बात करने मात्र का आश्वासन मिला यानी सहमति नहीं बन पाई थी। विधायक ने पैदल मार्च निकालकर आंदोलन जारी रहने का ऐलान किया था। वहीं दूसरी ओर सांसद विजय बघेल व पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय ने भी जनहित की इस समस्या पर इस्पात मंत्रालय व सेल बोर्ड से चर्चा कर यथा संभव समाधान का भरोसा रिटेंशधारियों को दिलाया है।

# दल्ली-राजहरा बीएसपी माइंस अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के राजहरा माइंस चिकित्सालय में निःशुल्क व्यापक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग के वरिष्ठ चिकित्सकों और विशेषज्ञों ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में 565 से अधिक परामर्श प्रदान किए गए, विभिन्न नैदानिक जांच और उपचार के साथ 25 इंट्राआर्टिकुलर इंजेक्शन तथा 5 प्लास्टर लगाए गए तथा जनरल सर्जन द्वारा दो आईएंडडी सहित अन्य आवश्यक सर्जिकल प्रक्रियाएं की गईं।

■ जेएलएन हास्पिटल के विशेषज्ञों किया जांच व परामर्श

शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डां.कौशलेन्द्र ठाकुर सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ. चंदन दास (कार्डियोलॉजी), पूर्व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद बिनायके (मेडिसिन), डॉ. अशोक कुमार (नेत्र रोग), डॉ. इमैनुएल मैसी (अस्थि रोग), डॉ. कौशिक किशोर (पीडियाट्रिक), डॉ. पी राजेश्वर राव (जनरल सर्जरी), डॉ. शशांक अग्रवाल (चर्म रोग), डॉ. पी एस शिव्वपा (कान, नाक एवं गला रोग), डॉ. प्रिया पंकज (पेन मैनेजमेंट क्लिनिक), डॉ. मनिला यादव (प्रसूति एवं स्त्री रोग), सुश्री रीता भटनागर (जूनियर मैनेजर), पी आर जया भास्कर (फिजियोथेरेपी), डीएनबी डॉ. आर ए मंडल (अस्थि रोग), डीएनबी डॉ. स्तव्या रे (मेडिसिन), डीएनबी डॉ. गीता (प्रसूति एवं स्त्री रोग) तथा कलोल मैती (जूनियर एमटी) सहित जवाहरलाल नेहरु चिकित्सालय एवं अनुसन्धान केंद्र, सेक्टर-9, भिलाई के सहायक अधिकारियों एवं कार्मिकों ने सेवाएं प्रदान की। राजहरा मेडिकल चिकित्सालय के सीनियर कंसल्टेंट एवं प्रभारी डां. मनोज डहरवाल तथा राजहरा माइंस अस्पताल की टीम भी उपस्थित थी। मरीजों को विभिन्न बीमारियों और चिकित्सा-स्वास्थ्य समस्याओं के लिए परामर्श, नैदानिक परीक्षण और उपचार प्रदान किए गए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने स्थानीय समुदाय को आवश्यक चिकित्सकीय सेवा प्रदान करने का समग्र प्रयास किया। स्वास्थ्य सम्बन्धी सत्र भी आयोजित किए गए, जहां मरीजों को विभिन्न निवारक उपायों और जीवन शैली अपनाने के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

## कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत पर नाली से अवैध निर्माण को हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा आदेश जारी किया गया है। आदेश के तारतम्य में सभी जोन क्षेत्र में अवैध कब्जा एवं निर्माण को हटाने की कार्यवाही निगम द्वारा लगातार की जा रही है।

कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज शिकायत के आधार पर हाउसिंग बोर्ड कालीबाड़ी के सामने मुख्य मार्ग में नाली के उपर किये ढलाई तथा ईंट व पत्थर डाल कर नाली को जाम किया गया था, जिसके कारण नाली की सफाई करने में समस्या आ रही थी। निगम आयुक्त के निर्देशानुसार एवं प्राप्त शिकायत के आधार पर जोन-2 एवं 3 के राजस्व टीम द्वारा अवैध ढलाई को जेसीबी के माध्यम से हटाने की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी शरद दुबे, बसंत देवांगन, बेदखली प्रभारी विनय शर्मा, जोन स्वास्थ अधिकारी शंकर साहनी स्वच्छता निरीक्षक अंजनी सिंह अनिल शुक्ला, कृष्ण कुमार सुपैत, मदनमोहन तिवारी,समीर अहमद, कार्तिक सहित स्वास्थ्य एवं राजस्व टीम उपस्थित रहे।

## भिलाई निगम ने चार सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई, सम्मान भी



**भिलाई।** 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके नगर पालिक निगम के 4 कर्मचारियों को बुधवार को ससम्मान विदाई दी गई। निगम उपायुक्त डीके कोसारिया ने कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह, शॉल और श्रीफल भेंट करते हुए सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना किए। इसके पूर्व सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों ने भिलाई निगम में सेवाकाल के दौरान आई कठिन परिस्थितियों को बताते अपने अनुभव को बताते हुए प्रेरित किए। विदाई कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी कर्मचारियों ने सेवाकाल के दौरान अपने अनुभव को साझा किए। शशिभूषण मोहंती सभी सेवानिवृत अधिकारी व कर्मचारियों के उज्वल भविष्य हेतु कामना करते हुए किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी राजेन्द्र सिंह राजपूत कार्यपालन अभियंता, हंसराज पटले चौकीदार, जे. मोहनराव चौकीदार, धन्नालाल मजदूर को उनके परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विदाई दी गई। इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक शालिनी गुरव, वामन राव, राज सच्चर, नवीन साहू, सीताराम यादव, हेमचंद बंजारे, अर्पित द्विवेदी, गिरधर वर्मा, दयालु, विजेंद्र साहू एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सुरक्षा जागरुकता माह में 61 ठेका मजदूरों को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏩भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीओ एंड सीसीडी विभाग में सुरक्षा जागरूकता माह शुभारंभ सुरक्षा ध्वज फहराकर किया गया। विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों को सुरक्षा शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा ने की। उन्होंने कहा कि कि सुरक्षा केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि संगठनात्मक संस्कृति का अभिन्न अंग होनी चाहिए।

इस अवसर पर विभाग में सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सक्रिय योगदान के लिए 'सुरक्षा मित्र योजना' के अंतर्गत कुल 61 ठेका श्रमिकों को पुरस्कृत किया गया। इन श्रमिकों का चयन विभिन्न सुरक्षा प्रतिस्पर्धाओं जैसे सुरक्षा प्रश्नोत्तरी, टूल बॉक्स टॉक, फुल बॉडी हार्नेस प्रतियोगिता, स्पॉट द हैज़र्ड आदि के माध्यम से किया गया था। यह सम्मान उनके सुरक्षित कार्य व्यवहार एवं कार्यस्थल सुरक्षा के प्रति सजगता का प्रतीक रहा।

## रिसाली वार्ड में बांटे बीपीएल हितग्राहियों को उज्ज्वला गैस



**भिलाई।** रिसाली नगर निगम के वार्ड क्रमांक 20 स्टेशन मरोदा में उज्वला गैस कनेक्शन हितग्राहियों को दिया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 20 एवं वार्ड 16 के बीपीएल हितग्राहियों को उज्जवला गैस कनेक्शन मिला। इस मौके पर वार्ड के पार्षद चंद्र प्रकाश सिंह और वार्ड पार्षद विनय नेताम ने उज्वला योजना 3.0 की जानकारी दी।

उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री उज्वला योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों, खासकर ग्रामीण महिलाओं को मुफ्त एलपीजी कनेक्शन, सिलेंडर और चूल्हा देना है ताकि वे लकड़ी व गोबर के धुएं से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं से बच सकें और सशक्त बन सकें। श्रमिक बस्ती होने की वजह से बीपीएल वर्ग की महिलाओं को इस योजना का लाभ मिला है। हितग्राहियों को स्वच्छ रसोई के माध्यम से घर-घर और परिवार के स्वास्थ्य में बड़ा बदलाव आएगा। इस मौके पर वरिष्ठ नागरिक नंदकिशोर सिंह, बृजेश सोनी, मुन्नीलाल, नंदलाल गुप्ता, शत्रुघ्न धनकर, विद्या देवी, अंजनी धनकर एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

## दुर्ग महापौर बाघमार ने विभागीय अधिकारियों की ली बैठक

# मोटर पम्प खरीदी में लेटलतीफी को लेकर महापौर नाराज

हरिभूमि न्यूज ⏩दुर्ग

शहर में सुचारू रूप से पानी सप्लाई व्यवस्था को लेकर महापौर अलका बाघमार ने विभागीय अधिकारियों कि बैठक लेकर 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट व इंटकवेल में लगाए जाने वाले मोटर पम्प खरीदी की टेंडर प्रक्रिया में लेट लतीफी को लेकर अधिकारियों पर नाराजगी प्रकट किया और इसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए है।

■ पानी व्यवस्था सुधारने की कवायद

जलकार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन की पउपस्थिति में आयोजित बैठक में महापौर अलका बाघमार ने आगामी ग्रीष्म ऋतु के पूर्व पानी की सप्लाई में आने वाले सभी प्रकार की तकनीकी खामियों को दूर करने हर संभव उपाय करने कहा है। इस दौरान जल प्रभारी लीना देवांगन ने इंदौर में दूषित पानी पीने के चलते अनेक लोगों की दुखद मृत्यु की घटना को दुर्ग में भी संज्ञान में लेने की बात कहने पर महापौर अलका बाघमार ने इसके लिए नाला नाली के किनारे बिछे पाईप लाइन को निरंतर चेक करने व कहीं पर भी लिकेज के शिकायत आने पर तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश दिए तथा इसके लिए पार्षदों से भी जानकारी लेने व विभाग स्तर भी टीम गठित करने कहा है। बैठक में निगम के एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर चंद्रशेखर चंद्राकर,नरेंद्र बंजारे कार्यपालक अभियंता प्रकाश थवानी सहायक अभियंता गिरीश दीवान उप अभियंता मोहित मरकाम,उप अभियंता विनोद मांझी,जल कार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर भी मौजूद थे।



### गर्मी के पहले पानी व्यवस्था ठीक करें : महापौर

महापौर अलका बाघमार ने गर्मी से पहले पानी की व्यवस्था ठीक करने के लिए कार्य की प्रगति का हर सप्ताह समीक्षा करने जल विभाग प्रभारी लीना दिनेश देवांगन को कहा है। साथ ही सभी अधिकारियों को अपना कार्य प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए। इसके अलावा महाराजा चौक से बोरसी चौक, पुलगांव चौक से जेल चौक तथा चंडी चौक से नया पारा चौक तक रोड चौड़ीकरण के लिए प्रस्तावित पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य टेंडर प्रक्रिया की भी जानकारी लेकर इसे शीघ्र पूरा करने कहा है।

### सभी खराब टैंकर कराएं मरम्मत

महापौर कक्ष में जल गृह विभाग की विस्तृत समीक्षा करते हुए मेयर अलका बाघमार ने शहर के अनेक वार्डो में कम पानी आने की शिकायत पर मालवीय नगर शंकर नाला में बिछे पाईप लाइन में बड़ा लिकेज को शट डाउन कर शीघ्र दुरुस्त करने के निर्देश देते हुए खराब वाल भी जल्द बदलने कहा है साथ ही आगामी फरवरी माह के बाद गर्मी में कई क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या होती है और टैंकर की डिमांड भी बढ़ जाती है इसके लिए अभी से सभी खराब टैंकर की मरम्मत कराया कहा है।

## कंझेटा में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏩कुण्डा

पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कंझेटा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर में विधायक श्रीमती भावना बोहरा द्वारा संचालित निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से 100 से अधिक ग्रामवासियों ने अपना निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाया। मोबाइल हेल्थ पैथ लैब के माध्यम से पंडरिया विधानसभा सहित जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के ग्रामवासियों को नियमित रूप से निःशुल्क जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे दूरदराज के ग्रामीणों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। इस मोबाइल हेल्थ लैब में 20 से अधिक प्रकार के गंभीर एवं सामान्य रोगों से संबंधित परीक्षण की सुविधा उपलब्ध है। शिविर के माध्यम से ग्रामीणों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी है तथा उन्हें घर के पास ही जांच की सुविधा मिलने से राहत मिली है।



खबर संक्षेप

## अंचल के मौसम में दिख रहा उतार चढ़ाव

**कवर्धा।** अंचल के मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलते दिखाई दे रहा है। हालांकि मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को ठंड से कुछ हद तक राहत भी मिलती दिखाई दे रही है। दरअसल बनते बिगड़ते मौसम के बीच शनिवार को कवर्धा सहित अंचल के आसमान में बदली देखने को मिली। जिससे ठंड का असर कुछ कम देखा जा रहा है। लेकिन जानकारों की माने तो मौसम के साफ होने के बाद एक बार फिर कड़ाके की ठंड पड़ सकती है। वहीं आसामान में छा रही इस बदली ने किसानो और विशेष कर जिले के धान खरीदी प्रबंधकों की चिंता बढ़ा दी है। माना जा रहा है कि इन हालातों में अगर बेमौसम बारिश की स्थिति निर्मित होती है तो धान खरीदी केन्द्रों में खुले आसामान के नीचे रखे लाखों क्विंटल धान को नुकसान हो सकता है। बहरहाल देखने वाली बात होगी की अंचल को मौसम आगे क्या गुल खिलाता है।

## अंचल में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व

**कवर्धा।** अंचल में धूमधाम से मनाया गया छेरछेरा पर्व कवर्धा। छेरछेरा पर्व पर छेरिक छेरा माई कोठी के धान ल हेर हेरा, घोष शनिवार को कवर्धा सहित विशेष कर जिले के ग्रामीण अंचलों में सुबह से शाम तक गूंजता रहा। छोटे छोटे बच्चे, युवा एवं बुजुर्गों ने पर्व का खूब आनंद उठाया और घर जा जाकर अन्न एवं धान मांगा। कुछ बच्चों ने बाजे गाजे के साथ अन्न मांगा तो कई लोग टोली बनाकर नाचते हुए घर-घर अन्न मांगने पहुंचे। अंचल में इस बार छत्तीसगढ़ की पारंपरिक छेरछेरा पुन्नी पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उल्लेखनीय है कि धान मिंजाई के बाद गांवों में घर-घर धान का भंडार होता है। जिसके चलते लोग छेरछेरा मांगने वालों को दान करते हैं। छेरछेरा, माई कोठी के धान ला हेर हेरा। यही आवाज सोमवार को अंचल में गूंजी और दान के रूप में धान और नगद राशि बांटी गई। छेरछेरा पर्व को लेकर विशेषकर ग्रामीण बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला और इस पर्व में उन्होने अच्छी कमाई भी कर ली।

## कोदवागोडान में धूमधाम से मनाई शाकम्भरी जयंती

**कोदवागोडान।** मरार समाज की आराध्य देवी शाकम्भरी महोत्सव आज यहां धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर बीचपारा स्थित श्री रामजानकी मंदिर में रामायण पाठ एवं हवन पूजन के पश्चात खीर पूड़ी के साथ हलुआ का प्रसाद वितरण किया गया। घरों में दीपमालिका जला कर खुशियां मनाई गई। वहीं प्रतिवर्षानुसार स्थानीय मरार समाज द्वारा शनिवार को यहां गायत्री चौक में शाकंभरी पूजन का आयोजन भी रखा गया था। जिसके तहत विभिन्न शाक सब्जियों से निर्मित मां शाकंभरी की मनोहर प्रतिमा की विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात सामूहिक हवन और आरती की गई। इसके पहले पूरे गांव में बाजे गाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वहीं मरार समाज की ओर से भी सार्वजनिक भंडारा प्रसाद की व्यवस्था की गई थी। जबकि रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत देवी भजन एवं जस गीत गायन किया गया।

# परपोड़ी बस अड्डा: करोड़ों खर्च के बावजूद बड़े हादसे की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर की पहचान बनाने में सार्वजिक स्थान की स्वच्छता और सुंदरता की भूमिका महत्वपूर्ण है। परपोड़ी में इसके लिए शासन ने करोड़ों रुपए खर्च किए हैं। इन खर्चों से यात्रियों के सुविधा लिए प्रतीक्षालय, पेयजल, लाईट आदि लगाया गया है। वहीं व्यापारियों के आय में वृद्धि के लिए दुकानों का निर्माण कराया गया है। लेकिन भारी भरकम राशि खर्च करके भी अवैध रूप से निर्मित दुकानों ने सैकड़ों बसों का प्रवेश करना कठिन कर दिया है। बस अड्डा बड़े हादसे के इंतजार में खड़ा है। बस अड्डे में निकाय द्वारा निर्मित नाली के आगे पक्का दुकान निर्माण करा लिया गया।

## अतिक्रमित दुकानों ने बसों का मार्ग रोका, यात्रियों और व्यापारियों में बढ़ रही नाराजगी

### सैकड़ों बसों की रोज आवाजाही

परपोड़ी के बस अड्डे से राजधानी रायपुर, दुर्ग, कवर्धा , खैरागढ़, बेमेतरा, सिवनी, बालाघाट जैसे छोटे बड़े 100 शहर के लिए बसे रुकती है। लेकिन यात्रियों के लिए पेयजल की व्यवस्था है। इसी प्रकार शौचालय में गंदगी बना है। जिससे महिला यात्रियों को परेशानी होती है। प्रतीक्षालय का विश्राम कक्ष हमेशा बंद रहता है। देर शाम के बाद आसपास शराब की बोतल ही दिखाई देता है। गंदगी के कारण यात्री बैठ ही नहीं पाते है।



### 5 दुकानें बीच रोड में खुली

नगर पंचायत परपोड़ी द्वारा व्यापारियों के लिए कुल 32 दुकानें निर्मित किया । जिसका आबंटन निकाय ने व्यापारियों को किया है । इसके ठीक सामने ही नाली से लगभग 4 फीट से 6 फिट की दूरी में बसों के प्रवेश मार्ग के बीच में 5 स्थाई दुकान और 1 ठेला लगा दिया गया जिससे बसों के आने जाने में दुर्घटना होना निश्चित है। इन दुकानों में 2 दुकान बंद है। एक में कार्तिक मोमोस के नाम से ठेला लगा दिया गया है। इस प्रकार नगर पंचायत द्वारा निर्मित नाली से 10 से 15 फिट तक अतिक्रमण कर बस के आवागमन के मुख्य मार्ग को अवरुद्ध कर दिया है।

जिससे बस की आवाजाही में बहुत दिक्कत होती है। इन दुकानों के कारण कभी भी बड़ी दुर्घटना हो सकती है। व्यापारियों ने अतिक्रमण को हटाने के लिए आवेदन भी दिया है। लेकिन किसी न किसी प्रशासनिक व्यवस्ता की बात कहकर अतिक्रम हटाने की कार्यवाही को टाल दिया जाता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी

दुकानदारों की लिखित शिकायत मेरे पदभार के बाद नहीं आया है। मामले को दिखवाकर नियमानुसार कार्यवाही किया जाएगा।

-विनीत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, परपोड़ी

## सम्मेलन : रतनपुर संत सम्मेलन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

# धर्मांतरण, वैदिक शिक्षा और मठ-मंदिर संरक्षण का संत समाज ने लिया साझा संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



रामजानकी मंदिर, निर्वाणी अखाड़ा नवागढ़ के पीठाधीश्वर महंत सुरेन्द्र दास के आह्वान पर प्रदेश के प्रमुख अखाड़ों के संत-महंतों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पहुंचे संतों और महंतों ने भाग लेकर सनातन धर्म से जुड़े ज्वलंत विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक का प्रमुख उद्देश्य धर्मांतरण पर प्रभावी रोक, संस्कृतनिष्ठ वैदिक शिक्षा का संवर्धन, सनातन गुरु-शिष्य परंपरा का संरक्षण तथा प्रदेश के मठ-मंदिरों में विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना एवं पंगत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना रहा।

बैठक में उठे प्रमुख मुद्दे के तौर पर प्रदेश में बढ़ते धर्मांतरण प्रयासों पर गंभीर चिंता, वैदिक एवं संस्कृत शिक्षा को संस्थागत स्वरूप देने पर जोर, सनातन गुरु-शिष्य परंपरा के संरक्षण का संकल्प,मठ-मंदिरों में नित्य पूजा, आरती व अनुष्ठान व्यवस्था को मानकीकृत करने पर सहमति,पंगत एवं धार्मिक सेवा व्यवस्था को पुनर्गठित करने का प्रस्ताव बैठक के दौरान नागा महंत एवं प्रदेश संत समाज के संरक्षक हरिशंकर दास जी को वृंदावन स्थित निंबार्क संस्कृत विद्यालय प्रबंधन चुनाव में विजय प्राप्त करने पर संत समाज की ओर से सामूहिक बधाई दी गई। निर्मोही अखाड़ा के राष्ट्रीय महासचिव महंत नरेंद्र दास ने सनातन धर्म की रक्षा में अखाड़ों की ऐतिहासिक भूमिका को रेखांकित किया, वहीं संत समाज के प्रदेश अध्यक्ष महंत सर्वेश्वर दास ने संत परंपरा को समाज सुधार की मजबूत धुरी बताया।

### संत सम्मेलन में सीएम साय होंगे शामिल: दास

प्रदेश महामंत्री महंत राधेश्याम दास ने जानकारी दी कि 10 जनवरी को रतनपुर में आयोजित संत सम्मेलन में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने मंत्रिमंडल के कुछ सदस्यों के साथ शामिल होंगे। धर्म स्तंभ काउंसिल के सभापति डॉ. सौरव निर्वाणी ने मठ-मंदिरों की जमीनों के संरक्षण को लेकर कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि काउंसिल द्वारा भू-माफियाओं और अवैध कब्जाधारियों से मठ-मंदिरों की भूमि मुक्त कराई जा रही है। साथ ही भविष्य के लिए एक सुदृढ़ संरक्षण-रक्षा ढांचा भी संत समाज के समक्ष रखा गया। उन्होंने मठ-मंदिर स्वायत्तता एवं संरक्षण अभियान की रूपरेखा भी प्रस्तुत की। बैठक के पश्चात महंत सुरेन्द्र दास के सान्निध्य में संत-महंतों के लिए परंपरागत पंगत व्यवस्था आयोजित की गई। इसके बाद सभी संतों को ससम्मान विदाई दी गई।

### प्रमुख संत-महंत रहे उपस्थित

थानखाम्हारिया जमात मंदिर के महंत बसंत दास, बेमेतरा कृष्ण मंदिर के महंत गणेश्वर दास,संत समुदाय के कोटवार पवन दास, महंत दयाल दास, महंत मोहित कृष्ण दास सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से पधारे संत-महंत। सभी ने सामूहिक रूप से यह संकल्प लिया सनातन धर्म, मठ-मंदिर परंपरा एवं वैदिक संस्कृति की रक्षण-रक्षा सर्वोपरि है।

# श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई बाबा गुरु घासीदास जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सतनाम पंथ के प्रवर्तक बाबा गुरु घासीदास जी की जयंती नगर के वार्ड क्रमांक 01 एवं 09 में श्रद्धा, उल्लास और सामाजिक समरसता के वातावरण में धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जयंती अवसर पर बाबा गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धालुओं ने उन्हें नमन किया। अपने संबोधन में नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी ने समाज को सत्य, अहिंसा, समानता और मानवता का अमूल्य संदेश दिया।

- वार्ड 1 व 9 में भजन-कीर्तन, पुष्पांजलि व सामाजिक एकता का संदेश

उनका सिद्धांत "मनखे-मनखे एक समान" आज भी सामाजिक न्याय और समरसता की मजबूत नींव है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समावेशी विकास संभव है। उन्होंने आगे कहा कि बाबा गुरु घासीदास जी के आदर्शों को आत्मसात कर समाज को नशामुक्त, शिक्षित और संगठित बनाने का संकल्प लेना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन हुए और सामाजिक एकता का संदेश दिया गया। आयोजन में वार्डवासी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस अवसर पर आयोजक गोलू कोशले, कोशले परिवार, राजकुमार खांडे , हर्ष तिवारी, गौरव साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन शामिल हुए।

# कवर्धा की बेटी रिया तिवारी ने देश के लिए गोल्ड मेडल जीत कर रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

नगर की बेटी रिया तिवारी ने तमाम संसाधनों के आभाव में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का परचम लहराया है और नगर सहित व प्रदेश का नाम रोशन किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना (बिहार) में 27 से 29 दिसंबर 2025 तक आयोजित दक्षिण एशियाई बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप में रिया तिवारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 35-13, 35-13 के बड़े अंतर से पराजित कर गोल्ड मेडल जीता। यहां बताना लाजिमी होगा कि रिया तिवारी एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता राजेश कुमार तिवारी एक छोटे व्यापारी हैं, जिनकी सीमित आय से परिवार की आजीविका चलती है। आर्थिक तंगी कई बार रिया के सपनों के आड़े आई, लेकिन पिता का विश्वास कभी कमजोर नहीं पड़ा। इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेटी को शामिल कराने के लिए पिता को कर्ज तक लेना पड़ा, लेकिन उन्हें पूरा भरोसा था कि उनकी बेटी देश का नाम रोशन करेगी और रिया ने उस भरोसे को सच कर दिखाया। अपनी मेहनत और लगन की बदौलत इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के तीन खिलाड़ियों ने विशेष पहचान बनाई है। जिनमें कबीरधाम की रिया तिवारी का प्रदर्शन सबसे प्रभावशाली रहा। पूरे टूर्नामेंट में रिया ने अनुशासन, आत्मविश्वास और बेहतरीन खेल का परिचय दिया। अपनी सफलता का श्रेय रिया ने अपने कोच और माता-पिता के अटूट समर्थन को दिया है। रिया का कहना है कि आर्थिक अभाव आज भी कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से नैतिक और आर्थिक सहयोग की अपील की है, ताकि ग्रामीण और छोटे शहरों की बेटियां भी बड़े सपने पूरे कर सकें।



# सूरजपुर में मड़ई मातर मेला: संस्कृति और उल्लास का संगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सूरजपुर में ग्राम पंचायत द्वारा आयोजित पारंपरिक मड़ई मातर मेला का आयोजन श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों के साथ किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

- ग्रामवासियों ने परंपरा और भाईचारे के साथ मनाया मेला
- पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने दी शुभकामनाएं और सांस्कृतिक संदेश

इस अवसर पर उपस्थित ग्रामवासियों व जनसमुदाय को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि मड़ई मातर मेला छत्तीसगढ़ी संस्कृति का जीवंत प्रतीक है। गांवों में प्रतिवर्ष होने वाले ऐसे आयोजन न केवल हमारी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को सहेजते हैं, बल्कि ग्रामीण एकता, सामाजिक सौहार्द और सामूहिकता को भी मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों के माध्यम से लोग अपनी खुशियों को साझा करते हैं और आपसी भाईचारे को आगे बढ़ाते हैं। पूर्व विधायक ने ग्राम सूरजपुरवासियों को मड़ई मातर मेला की शुभकामनाएं देते हुए आपसी सौहार्द बनाए रखने और परंपराओं को जीवित रखने का संदेश दिया। साथ ही, कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए ग्राम पंचायत एवं समस्त नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में भारत पटेल, बलदाऊ पटेल, होली वर्मा, शिवदयाल साहू, राजकुमार साहू, उत्तम सिंह, श्याम बंजारे, राधेश्याम वर्मा, लक्ष्मण सिंह, दौलत सिंह, लवकुश ठाकुर, बलराम पटेल, अजय ठाकुर, झग्गर पटेल, हेमलाल वर्मा, नूतन वर्मा, सहदेव सिन्हा, पीलाराम, संतराम, आरती पटेल, कालिंदी सिन्हा, शामबाई, लक्ष्मी ठाकुर, घनश्याम देवांगन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## किए गए धार्मिक अनुष्ठान और निकाली गई शोभायात्रा

# पटेल मरार समाज ने धूमधाम से मनाई गई मां शाकम्भरी जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कवर्धा सहित जिले में पटेल मरार समाज द्वारा मां शाकम्भरी की जयंती धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिले के कई स्थानो पर समाज द्वारा धार्मिक अनुष्ठान कर मां शाकम्भरी का विशेष श्रृंगार साग, भाजी, फल, फल आदि से कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं कवर्धा सहित कुछ स्थानो में जयंती के मौके पर पटेल मरार समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। गौरतलब है कि मां शाकंभरी आदिशक्ति दुर्गा का ही एक करुणामयी और पोषण करने वाला स्वरूप हैं। देवी भागवत और मार्कंडेय पुराण के अनुसार जब पृथ्वी पर भयंकर अकाल पड़ा, अन्न, फल और जल समाप्त हो गया, तब माता ने शाक अर्थात साग, फल, कंद-मूल और वनस्पति उत्पन्न कर समस्त सृष्टि का पालन किया। इसी कारण उनका नाम मा शाकंभरी पड़ा, अर्थात जो शाक से संसार का भरण-पोषण करती हैं। वे मां दुर्गा का ही अवतार हैं, जिनका प्राकट्य जीवनरक्षा और लोककल्याण के लिए हुआ। मार्गशीर्ष से पौष के संधिकाल में आने वाली यह नवरात्रि विशेष रूप से मां शाकंभरी को समर्पित होती है। शास्त्रों में इसे गुप्त और फलदायी नवरात्रि माना गया है। इस काल में देवी की आराधना करने से केवल भौतिक नहीं बल्कि जीवन की मूल आवश्यकताओं से जुड़ा संतुलन भी प्राप्त होता है। मां शाकम्भरी की पूजा वे लोग विशेष रूप से करते हैं जो जीवन में बार-बार अभाव, आर्थिक अस्थिरता, भोजन या आजीविका से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे होते हैं। किसान, व्यापारी, गृहस्थ, साधक और वे परिवार जिन पर लंबे समय से दरिद्रता या अकाल जैसी स्थिति का प्रभाव रहा हो, श्रद्धा से इनकी उपासना करते हैं। तांत्रिक और साधना मार्ग पर चलने वाले साधक भी इस नवरात्रि में मां शाकंभरी की आराधना करते हैं, क्योंकि यह देवी जीवन को स्थायित्व देने वाली मानी जाती हैं।





